नही है। कुछ कर्मचारियों, जिनको उनके उपदान का भुगतान नही किया गया था, ने पहले अपने दावे दायर किये थे और 1987 मे नियन्त्रक प्राधिकारी ने इस सबध मे आदेश जारी कर दिए थे।

(ङ) कर्मचारी भविष्य निधि और कर्मचारी राज्य बीमा की प्रकीर्ण राशि की वसूली के लिए सरकार ने निम्नलिखित कार्यवाही की है।

कर्मचारी भविष्य निधि

(i) कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम की धारा 8 के अधीन राजस्व वसूली की कार्रवाई शुरू की गई है।

(ii) सितम्बर, 1989 तक की अवधि तक के लिए कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम की धारा 14 के अधीन 45 अभियोजन के मामले दायर किए गए है।

कर्मचारी राज्य बीमा

(i) मई, 1990 तक की चक के लिए कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम की धारा 45 के अधीन राजस्व वसूली प्रमाणपत्र जारी किए गए है।

(ii) कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम की धारा 85 के अधीन 2 अभियोजन मामले दायर किए गए है।

(iii) भारतीय दड सहिता की धारा 406/409 के अधीन पुलिस प्राधिकारियों के पास एक अपराधिक शिकायत दर्ज की गई है।

## STOPPAGE OF HINDI PROGRAMES FROM CHANDIGARH STATION OF AIR

*171. SHRI HARVENDRA SINGH HANSPAL: Will the PRIME MINISTER be pleased to state·

(a) whether it is a fact that in response to threats from Sikh extremists in Punjab, the transmission of Hindi news bulletins and other Hindi Programmes have been banned since the beginning of December, 1990 ;

(b) If not, what are the reasons of Stoping the transmission of Hindi news and other programmes in Punjab ; and

(c) What steps Government propose to take to resume Hindi bulletins and other programmes in Punjab as usual?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS AND THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI SUBODH KANT SAHAY); (a) No, Sir;

(b) and (c) Apprehending grave security thereat, the staff of All India Radio, Chandigarh discontinued the broadcast of Hindi News Bulletins and programmes from 10-12-1990. All India Radio Jullundur did not relay the Regional Hindi Bulletin, but it continues to relay the Central News Bulletins in Hindi. The Government has tightened the security measures at AIR Complex and the regular bulletins andprogrammes have since been resummed.

## औद्योगिक विकास दर

*172. डा० जितेन्द्र कुमार जैन :

सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :

क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि वर्तमान वर्ष के प्रथम तीन महीनों के दौरान औद्योगिक विकास दर लगभग 13 प्रतिशत थी ;

(ख) क्या यह भी सच है कि वर्ष की दूसरी तिमाही के दौरान यह विकास दर कम हो गई ;

(ग) यदि हा, तो विकास दर मे कितनी कमी आई और क्या यह भी सच है कि कच्चे माल के आयात पर कतिपय प्रतिबन्ध लगा देने के क्या कारण अनेक उद्योगो के उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पडा है , और

(घ) यदि हां, तो किस-किस कच्चे माल के आयात पर आंशिक या पूर्ण प्रतिबन्ध लगाया गया है और इसके क्या कारण थे ?

**प्रधान मंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री (श्री कमल मोरारका)** : (क) से (घ) केन्द्रीय सांख्यिकी संगठन द्वारा संकलित औद्योगिक उत्पादन सूचकाक के अनुसार, चालू वित्तीय वर्ष 1990–91 की पहली तथा दूसरी तिमाही में विकास दर क्रमश: 12.9 प्रतिशत तथा 10.6 प्रतिशत थी ।

जी०जी टी०डी०एककों की उत्पादन विवरणियो के एक विश्लेषण के अनुसार यह उल्लख किया गया है कि कुछ औद्यगिक एककों जैसे इलैक्ट्रोनिक तथा दूर संचार विद्युत उत्पादन, निर्माण उपकरण परिवहन, औजार, इंजीनियरी उद्योगों मे सूचित किया है कि अप्रैल-सितम्बप 1990 के दौरान आयतित कच्चे मालों की कमी रही ।

खाड़ी सकट के कारण हुई भुगतान सतुलन की तगी के कारण सरकार ने खुले सामान्य लाइसेस और पूरक लाइसेसो के अधीन कच्चे माल तथा संघटकों के आयात पर आटोमोबाइल, इलैक्ट्रानिक मदों और उपभोक्ता वस्तुओ के निर्माण कर रहे वास्तविक उपभोक्ताओ के निशुल्क विदेशी मुद्रा आयात के अधिकार में 15 प्रतिशत की कटौती कर दी है । सोलह विशिष्ट कच्चे माल और सघटको को खुले सामान्य लाइसेस सूची से बाहर कर दिया गया है । इसके अलावा, खुले सामान्य लाइसेंस के तहत कच्चे माल, संघटकों, उपभोक्ता वस्तुओं व फालतू पुर्जों तथा जिगों, फिक्सचरों, मोल्डेस इत्यादि जिनका आयात नीति में उल्लेख नहीं है, के आयात की सुविधा को 6 नवम्बर, 1990 से 3 महीने की अवधि के लिए स्थगित कर दिया गया है ।

**Indo-us Conclave on Defence Matters**

*173. SHRI G.G. SWELL: Will the PRIME MINISTER be pleased to state :

(a) whether a secret conclave took place in New Delhi from December 11th to 13th, 1990, between the American Ambassador to India, the U.S. Assistant Secretary of State in charge of the Middle East and Asian Affair and Officers from the Pentagon with the former Army Chief General Sunderji and other Indian defence analysts and Officers;

(b) Whether such conclaves are a normal feature; and

(c) the dates of such conclaves in the past ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF DEFENCE (SHRI LALIT VIJAY SINGH) (a) No, Sir, However, US Government officials and defence analysts has participated in a joint symposium organised by the Institute for Defence Studies and Analyses, New Delhi, and the Institute for National Strategic Studies (National Defence University), Washington, between 11th and 13th December, 1990, at Khadakvasla.

(b) and (c) Do not arise.

**पाकिस्तानी राष्ट्रिकों द्वारा जम्मू कश्मीर घुसपैठ**

*174. **श्री शंकर दयाल सिंह** : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन महीनों के दौरान पाकिस्तानी राष्ट्रिकों द्वारा जम्मू-कश्मीर क्षेत्र में घुसपैठ करने के कितनी बार प्रयास किये गये और ऐसी मुठभेड़ों में दोनों पक्षों के कुल कितने सैनिक हताहत हुए;